भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 468

उत्तर देने की तारीख- 20/07/2022

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थिति

468. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

डॉ अमी याज्ञिक:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मंत्रालय के उद्देश्य के अनुसार 462 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) छात्रों के लिए निर्मित और मुक्त विद्यालयों की संख्या निर्माणधीन विद्यालयों की संख्या, अब तक भी अनिर्मित विद्यालयों की संख्या और इन विद्यालयों में आने वाले छात्रों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने 2011 जनगणना पर आधारित 462 विद्यालयों के आकलन को देखते हुए, विद्यालयों की आवश्यक संख्या के पुर्नमूल्यांकन हेतु कोई कदम उठाया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) और (ख): मंत्रालय ने इस उद्देश्य के लिए जनसंख्या के अनुमोदित मानदंडों के अनुसार नवसंरचित योजना के तहत देश भर में 452 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। 452 ईएमआरएस में से 180 स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है और 173 ईएमआरएस निर्माण के प्रारंभिक चरणों में हैं और संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों द्वारा 99 ईएमआरएस के लिए उपयुक्त भूमि का अंतिम रूप से निर्धारण किया जा रहा है। योजनाबद्ध मानदण्डों के अनुसार इन 99 स्थानों पर ईएमआरएस की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि निर्धारित करने में विलम्ब के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका।

(ग) इस मंत्रालय ने देश भर में 740 ईएमआरएस की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जिनमें से 452 नवसंरचित योजना के तहत और शेष 288 अनुच्छेद 275 (1) की पुरानी योजना के अंतर्गत हैं। इन 740 में से 214 ईएमआरएस का निर्माण कार्यपूरा हो चुका है; 236 ईएमआरएस निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं; और शेष 290 का निर्माण होना बाकी है। अब तक, शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के दौरान दाखिल किए गए (एनरोल्ड) 105463 छात्रों के साथ, वैकल्पिक भवनों में चलाए जा रहे ईएमआरएस सहित कुल 378 ईएमआरएस कार्यशील हैं। विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

ईएमआरएस	लक्ष्य	स्वीकृत विद्यालय	कार्यशील विद्यालय	निर्माण पूर्ण	निर्माणाधीन	अभी शुरू होना है	भूमि प्रदान की जानी है
विद्यालयों की संख्या	740	684	378	214	236	234	101

(घ) और (ङ): वर्तमान में यह मंत्रालय 740 लक्षित संख्या में स्कूलों को स्थापित करने और उन्हें जल्द से जल्द कार्यात्मक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, इसलिए अब तक इस तरह का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया गया है।

अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	कुल स्वीकृत विद्यालय	कुल स्वीकृत ईएमआरएस	कार्यशील ईएमआरएस	ईएमआरएस के भवनों की स्थिति			राज्य द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली कुल भूमि
					पूर्ण	प्रगति में	अभी शुरू होने है	
1	आंध्र प्रदेश	28	28	28	7	16	5	0
2	अरुणाचल प्रदेश	12	10	2	2	5	3	2
3	असम	17	11	1	0	5	6	6
4	बिहार	3	3	0	1	2	0	0
5	छत्तीसगढ़	75	73	71	24	10	39	12
6	दादरा नगर हवेली और दमन और दीव	1	1	1	0	1	0	0
7	गुजरात	48	41	35	21	4	16	9
8	हिमाचल प्रदेश	4	4	4	1	0	3	3
9	जम्मू और कश्मीर	6	6	0	2	2	2	0
10	झारखंड	92	88	7	13	41	34	8
11	कर्नाटक	12	12	12	12	0	0	0
12	केरल	4	4	2	2	0	2	0
13	लद्दाख	3	3	0	0	0	3	0
14	मध्य प्रदेश	72	69	63	31	26	12	3
15	महाराष्ट्र	39	37	31	11	6	20	5
16	मणिपुर	22	21	3	3	9	9	2
17	मेघालय	40	27	0	0	2	25	21
18	मिजोरम	17	17	6	6	5	6	0
19	नागालैंड	22	22	3	3	19	0	0
20	ओडिशा	119	104	27	27	37	40	28
21	राजस्थान	31	31	30	17	13	1	0
22	सिक्किम	4	4	4	4	0	0	0
23	तमिलनाडु	8	8	8	2	5	1	0
24	तेलंगाना	23	23	23	11	11	1	0
25	त्रिपुरा	21	21	5	4	13	4	1
26	उत्तर प्रदेश	4	4	2	2	2	0	0
27	उत्तराखंड	4	4	3	1	1	2	0
28	पश्चिम बंगाल	9	8	7	7	1	0	1
	कुल योग	740	684	378	214	236	234	101

*****